दिनांक 14 जनवरी 2017 को अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना, यूथ रेड क्रॉस सोसायटी के तत्वावधान में रोटरी क्लब फरीदाबाद के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में श्री चंद्रशेखर आई० ए० एस० डिप्टी कमिश्नर फरीदाबाद थे। कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा और कॉलेज प्रबंध समिति के प्रधान श्री देवेंद्र गुप्ता जी तथा आयोजन के संरक्षक कॉलेज प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता जी के साथ- साथ श्री बी बी कथूरिया सचिव रेड क्रॉस, क्लब के प्रधान श्री अनिल मग्गू, उनकी टीम के सदस्य श्री संजय गुप्ता, श्री विनय भाटिया, पी पी पसरीचा, संजय जुनेजा, एस सी मलिक, वीरेंदर चक्रवर्ती, जगबीर तेवतिया, अरुण दुआ, अनिल शर्मा, अमित जुनेजा, हितेश भाटिया, अरुण आहूजा, जे एस विरदी, ए एस औशाम तथा सुनील खंडूजा उपस्थित थे। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि रक्तदान में सहयोग देना समाज के हर नागरिक का कर्तव्य ही नहीं, धर्म भी बनता है। रक्त सृष्टि का एक ऐसा तत्त्व है जिसको किसी भी प्रकार से पैदा नहीं किया जा सकता। इसलिए रक्त की आवश्यकता को केवल देश के अंदर इस प्रकार के शिविर का आयोजन करके ही किया जा सकता है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि मानवता के द्वारा एक व्यक्ति सच्चा इंसान बन सकता है। इंसानियत व्यक्ति को महान बनाती है। यदि किसी में दया या दान का भाव है तो वह स्वयं भी महान बन जाते है। इसके साथ साथ श्री देवेंद्र गुप्ता जी ने दान की महिमा को बताते हुए रक्तदान के महत्व को अनेक दृष्टांतों के माध्यम से बताया। इस रक्तदान शिविर में अग्रवाल महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता श्रीमती किरण आनंद, डॉ जयपाल सिंह, डॉ नरेश कामरा, डॉ प्रवीन गुप्ता, डॉ शिल्पा गोयल, डॉ रेखा सैन, डॉ रेनू माहेश्वरी तथा डॉ सचिन का विशेष योगदान रहा। रोटरी क्लब के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने इस महायज्ञ में विशेष योगदान दिया। साथ ही चंदावली की युवा सरपंच एवं अग्रवाल महाविद्यालय की छात्रा सुश्री अंजू उपस्थित थीं। विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन के लिए अल्पाहार, उपहार व प्रमाणपत्र दिए गए। इस शिविर में 47 यूनिट रक्त एकत्रित किये गए।